TOTAL समाचार
यहाँ नहीं तो कहीं नहीं...

Total Samachar एस.एम.एस.परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम तथा महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती को उत्साह से मनाया.

By **totalsamacharnews** - October 2, 2023 0

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ परिसर में दिनांक 01 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा दिनाक 02 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रध्वज फहराकर राष्ट्रीय गान से शुरू किया गया | दोनो महा पुरुषो महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके आदर्श – अहिंसा व सादगी के मिसाल को याद करते हुये उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित नमन किया गया |

इस पुण्य तिथि पर श्री शरद सिंह सचिव व कार्यकारी अधिकारी तथा महानिदेशक डॉ भरत राज सिंह आदि ने अपने-अपने संबोधन में महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किये गए कार्यो से शिक्षा लेंने पर विशेष जोर दिया तथा स्वच्छता अभियान बढ़-चढ़कर भाग लेने व सादगी से राष्ट्र की सेवा करने तथा देश को नयी दिशा देने का संकल्प दिलाया । इस अवसर पर परिसर में उपस्थित शिक्षकगण- डा. कैलाशपति, अलोक सिंह, विपुल भार्गव, उप-कुलसचिव, श्री उग्रसेन सिंह, प्रशानिक-अधिकारी लवकुश सिंह, सुरक्षा-अधिकारी, अन्य कर्मचारीगण तथा भारी संख्या में छात्रगणॉ ने भाग लिया ।

---

https://www.totalsamachar.com/total-news-cleanliness-campaign-program-and-birth-anniversary-of-mahatma-gandhi-and-lal-bahadur-shastri-ji-celebrated-with-enthusiasm-in-sms-campus/